>

Title: Regarding land erosion caused by Sone River in Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand.

***श्री विष्णु दयाल राम (पलामू):** मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू (झारखण्ड) के कांडी प्रखंड के मोखापी से सुण्डीपुर, ग्राम जयनगरा, खरौधा, गाडा, गाडाखुर्द, कसनत तक कोयल नदी से एवं सुण्डीपुर से श्रीनगर ग्राम नारायणपुर, बराडीह, वनकट, गाडाखुर्द, सनपुरा, नरवाडीह, कालागाढ़ा, बलियारी, बुनियाद विगहा, सड़की, शिवरी, झुमरसोता, श्रीनगर तक सोन नदी से कटाव बहुत तेजी से हो रहा है । लगभग 6 से 7 किलोमीटर तक यह कटाव हो रहा है । खेती योग्य सिंचित भूमि का कटाव हो रहा है । अब आवास भी कटना शुरू हो गया है । लोग पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं ।

विदित है कि सिंचित कृषि योग्य भूमि तथा मकानों को कटाव से बचाने के लिए यह आवश्यक हो गया है कि तटबंध का निर्माण शीघ्रातिशीघ्र कराया जाए ।

अतः माननीय जल शक्ति मंत्री से अनुरोध है कि उपरोक्त कार्य हेतु तटबंध निर्माण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित करने की कृपा की जाए ।